प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचे वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का लिया जायजा।
2. मुख्यमंत्री ने की आगामी त्योहरों के मद्देनजर कानून व्यवस्था की समीक्षा : कहा– अराजकता करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।
3. नवरात्र को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर–गोंडा मार्ग पर चलाई मेला स्पेशल ट्रेन : गोरखपुर से विन्ध्याचल के लिये सीधी बस सेवा शुरू।

और

4. लखनऊ के आमिर अली संभालेंगे मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर टूर्नामेंट में जूनियर हॉकी टीम की कमान : टीम में उत्तर प्रदेश के पांच खिलाड़ी शामिल।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज शाम वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनायें तय समय–सीमा और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण होनी चाहिए।

बहराइच के बाद अब अयोध्या में भी भेड़िए की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। जिले की मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में भेड़ियां देखा गया है। इस भेड़िये के हमले से एक महिला के घायल होने की भी खबर है। वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है।

———————————

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन आज श्रद्धालु देवी के पांचवें स्वरूप स्कन्द माता की पूजा अर्चना कर रहे हैं। सहारनपुर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ शाकंभरी देवी में माता के जयकारों से मंदिर गुंजायमान है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*सहारनपुर के सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी में लगे शारदीय नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। माता के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है । यहां श्रद्धालु विभिन्न रूपों में देवी मां भगवती की आराधना कर अपनी मन्नतें मांगते हैं और प्रसाद चढ़ाते हैं । सोमवार को पांचवे दिन भी माता के भक्तों का सैलाब उमड पड़ा । लम्बी कतारो में चलने के बाद माता के दर्शन हुए। सुबह माता के श्रृंगार आरती से पूर्व ही श्रद्धालु दर्शन के लिए कतारो में लग गए थे। मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालु आगे बढे और प्रसाद चढ़ाकर माता के दर्शन किये।*

*विजयंत सैनी, आकाशवाणी समाचार सहारनपुर*

उधर, बलरामपुर में नवरात्रि मेले को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा गोरखपुर गोंडा वाया तुलसीपुर मार्गपर मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। वहीं परिवहन निगम ने गोरखपुर के कचहरी बस स्टेशन से आज से विंध्याचल के लिए सीधी बस सेवा शुरू की है।

